धार्मिक-विविधता कथन

न्यू ज़ीलैंड अनेकानेक धर्मों वाला देश है जहाँ एक बड़ा अल्पसंख्यक-वर्ग किसी भी धर्म का अनुसरण नहीं करता है। धार्मिक विविधता को प्रोत्साहन देना सार्वजनिक जीवन की एक महत्वपूर्ण विशेषता है।

1840 में वैटाँगी सँधि-पत्र का अनुमोदन करते समय गवर्नर हॉब्सन ने कैथोलिक बिशॉप पॉम्पैलियर के एक प्रश्न के उत्तर में इस बात की पुष्टि की ः। यह आधारशिला न्यू ज़ीलैंड में विचारधाराओं की विविधता के प्रति स्वीकृति की पुनर्पुष्टि करने का अवसर प्रदान करती है।

राष्ट्र की पहचान, सँस्कृति, विचारधाराओं, सँस्थाओं और मूल्यों के रूप में न्यू ज़ीलैंड के विकास में ईसाई-धर्म ने एक निर्माणात्मक भाग अदा किया है और अभी भी कर रहा है।

नए प्रवासी धार्मिक रूप से हमेशा से ही विविध रहे हैं, परंतु एशिया, अफ्रीका और मध्य-पूर्व से प्रवासन के परिणामस्वरूप हाल ही में उनके कुछेक वैचारिक समुदायों की संख्याओं में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। हमारे समाज में इन समुदायों को एक सकारात्मक भाग अदा करना है। इसी संदर्भ में हम धर्मानुसरण अधिकार और धार्मिक समुदायों के उत्तरदायित्व को मान्यता देते हैं।

Universal Declaration of Human Rights और International Covenant on Civil and Political Rights जैसी अंतर्राष्ट्रीय संधियाँ धर्म और विचारधारा की स्वतंत्रता को मान्यता देती हैं - किसी विशेष विचारधारा को अपनाने का अधिकार; अपने धर्म या विचारधारा को बदलने का अधिकार; अपने धर्म या विचारधारा को अभिव्यक्त करने का अधिकार; और किसी भी विचारधारा को न अपनाने का अधिकार। यह अधिकार New Zealand Bill of Rights Act और Human Rights Act में परिलक्षित हैं। धर्मानुसरण अधिकार में अन्य व्यक्तियों को यह अधिकार प्रदान करना और उनके मानवाधिकारों का अतिलंघन न करना संनिहित हैं।

न्यू ज़ीलैंड के विभिन्न विचारधाराओं वाले समुदायों एवं उनकी परस्पर सहृदय अंतःक्रियाओं और सरकार व समाज के अन्य गुटों के साथ अन्योन्यक्रियाओं हेतु निम्नलिखित कथन एक ढाँचा प्रदान करता है ः

1. राष्ट्र और धर्म

राष्ट्र सभी विचारधाराओं वाले समुदायों और किसी भी धर्म का अनुसरण न करने वाले व्यक्तियों के साथ कानून के समक्ष समतुल्य व्यवहार करने का निश्चय रखता है। न्यू ज़ीलैंड में कोई आधिकारिक या आधारभूत धर्म नहीं है।

2. धर्मानुसरण का अधिकार

न्यू ज़ीलैंड धर्मानुसरण और विचारधारा की स्वतंत्रता के अधिकार एवं धार्मिक या अन्य विचारधारा के आधार पर भेद-भाव न करने के अधिकार को मान्यता देता है।

3. सुरक्षा का अधिकार

वैचारिक समुदायों और उनके सदस्यों को सुरक्षा और निर्भयता का अधिकार है।

4. अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार

लोकतंत्र के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मीडिया की स्वतंत्रता का अधिकार महत्वपूर्ण है, परंतु इस अधिकार का प्रयोग उत्तरदायित्व के साथ करना चाहिए।

.5. अभिज्ञान और समायोजन

शैक्षिक एवं कार्यक्षेत्र वातावरण में और सार्वजनिक सेवाओं के निष्पादन में विभिन्न धार्मिक विचारणाओं और रीति-रिवाजों के अभिज्ञान और समायोजन के लिए यथोचित कदम उठाए जाने चाहिए।

6. शिक्षा

विद्यालयों को विभिन्न धार्मिक और आध्यात्मिक परंपराओं के प्रति समझ विकसित करने की शिक्षा इस प्रकार से प्रदान करनी चाहिए जोकि उनके राष्ट्रीय और स्थानीय समुदाय की विविधता को प्रतिबिंबित करे ।

7. धार्मिक मतिभेद

धार्मिक विचारणाओं के विषय में वाद-विवाद और मतिभेद अवश्यम्भावी रूप से होगा, परंतु इसे विधिवत् और अहिंसक रूप से प्रकट किया जाना चाहिए।

8. सहयोग और समझौता

सरकार और वैचारिक समुदायों पर एक-दूसरे के साथ सकारात्मक सम्बन्धों का निर्माण करने व इन्हें बनाए रखने, और परस्पर सम्मान और समझ को प्रोत्साहन देने का उत्तरदायित्व है।

धार्मिक-विविधता कथन Te Ngira, न्यू ज़ीलैंड विविधता क्रियान्वयन कार्यक्रम की एक परियोजना है। इसको वैचारिक समुदाय के एक परामर्श-दल और मानवाधिकार प्रतिनिधियों के सहयोग से विक्टोरिया विश्वविद्यालय के धार्मिक अध्ययन कार्यक्रम द्वारा तैयार किया गया था और इस पर मानवाधिकार आयोग द्वारा संयोजित एक राष्ट्रव्यापी सार्वजनिक मन्त्रणा की गई थी।

*निरंतरशील सार्वजनिक चर्चा के आधार-रूप हेतु हैमिल्टन में फ़रवरी **2007** में राष्ट्रीय अन्तर्विचारणा मंच द्वारा इस कथन का धार्मिक-विविधता कथन के रूप में अनुमोदन किया गया। इस कथन के अनुमोदन और भविष्य में पुनरावलोकन के लिए सुझाव व्यक्त करने हेतु संस्थानों का स्वागत है। अधिक जानकारी के लिए निम्नलिखित जालपृष्ठ देखें ः*

www.hrc.co.nz/religiousdiversity

यदि आप न्यू ज़ीलैंड विविधता क्रियान्वयन कार्यक्रम का मासिक अन्तर्विचारधारा ई-प्रपत्र Te Korowai Whakapono प्राप्त करना चाहते हों, तो कृपया nzdiversity@hrc.co.nz पर ई-मेल भेजें।

विविधता क्रियान्वयन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए वैचारिक समुदायों का स्वागत है। अधिक जानकारी और पंजीकरण आवेदन-पत्र के लिए निम्नलिखित जालपृष्ठ देखें ः

www.hrc.co.nz/diversity.

संपर्क करें

PO Box 6751, Wellesley Street
Auckland 1141, New Zealand

दूरभाष ः ++ 64 9 309 0874 निःशुल्क ः 0800 496 877

फ़ैक्स ः ++ 64 9 377 3593 टी टी वाई संख्या ः 0800 150 111

ईमेल ः infoline@hrc.co.nz जालपृष्ठ ः www.hrc.co.nz

लैंग्वेज लाइन (दुभाषिया सेवा) निवेदन करने पर उपलब्ध है।